कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान), 1 करियप्पा रोड,
लखनऊ छावनी-226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (Central Command), 1 Cariappa Road, Lucknow Cantt – 226002

सं. प्रशा/III/337/परिपत्र

दिनांक- 16/03/2021

सेवा मे

प्रभारी अधिकारी
मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग
सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय: सेवा अभिलेख में पारिवारिक विवरण, व्यक्तिगत विवरण(Personal Information) एवं GPF,Gratuity एवं CGEIS के नामांकन के संबंध में।

*****

उपरोक्त विषय के संबंध में यह अवगत कराना है, कि इस संगठन के अंतर्गत अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में दर्ज पारिवारिक विवरण, व्यक्तिगत विवरण (Personal Information) एवं GPF,Gratuity एवं CGEIS के नामांकन के बारे में TULIP सिस्टम पर जाँच के दौरान यह पाया गया, कि काफी संख्या में ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, जिन्होंने अपने सेवा अभिलेख में पारिवारिक विवरण, व्यक्तिगत विवरण(Personal Information) एवं GPF,Gratuity एवं CGEIS के नामांकन को अद्यतन नहीं करवाया है अथवा उनका उपरोक्त विवरण ही उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आए दिन विभागीय कार्रवाई में समस्याएं आती हैं।

इस संबंध में आपके कार्यालय से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची संबंधित विवरण के साथ संलग्न की गई है। आपसे अनुरोध है, कि अपने कार्यालय/अनुभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उक्त सूची से अवगत कराएँ एवं ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जिनके पारिवारिक विवरण, व्यक्तिगत विवरण(Personal Information) एवं GPF,Gratuity एवं CGEIS के नामांकन में परिवर्तन होना है, उन्हें अनुलग्नक में दिए गए संबंधित फॉर्म को भरकर सभी संलग्नकों सहित यथाशीघ्र मुख्य कार्यालय के प्रशासन-III अनुभाग को प्रेषित करने हेतु निर्देशित करें, जिससे उपरोक्त सूचनाओं को उनकी सेवा पुस्तिका एवं TULIP सिस्टम में अद्यतन किया जा सके।

संयुक्त नियंत्रक महोदय द्वारा अवलोकित।

संलग्नक: तदैव

वनु कुमार
लेखा अधिकारी (प्रशा-III)

र.ले.प्र.नि.(म.क) की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।